Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 79 ◘ रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

शराब तस्करों की बड़ी चाल

महासमुंद-सांकरा में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला टीआई समेत कई घायल, 10 गिरफ्तार

महासमुंद, 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में फरार आरोपियों को गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया. घटना में टीआई समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, इसके बावजूद बहादुर पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आरोपियों को थाने लेकर आई. मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया गया है. पूरा मामला पटेवा थाना अंतर्गत पचारी ग्राम का है। जानकारी के अनुसार, थाना पटेवा के आबकारी एक्ट के एक मामले में फरार आरोपी विजय मारकण्डेय और विनोद मारकण्डेय की गिरफ्तारी के लिए सांकरा थाना के टीआई उत्तम तिवारी समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे थे. पटेवा में

अलग-अलग थाना और पुलिस इकाइयों के बल की संयुक्त टीम ने ग्राम पचरी में दबिश दी थी. पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर दबोच लिया।

वाहन में बैठाने के दौरान आरोपियों ने विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी. साथ ही उन्होंने अपने परिजनों और आसपास के लोगों को उकसाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडों, लोहे की छड़ और ईंट-पत्थरों के साथ मौके पर पहुंच गए. भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें थाना प्रभारी उत्तम तिवारी को सिर, गले और सीने में गंभीर चोटें आईं. वहीं महिला आरक्षक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ के हमले के दौरान पुलिस वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग वाहन का कांच टूट गया. घटना के दौरान आरोपियों के परिजनों ने उन्हें छुड़ाने की कोशिश करते हुए पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली। हालांकि पुलिस टीम ने किसी तरह स्थिति को संभालते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना पटेवा ले आई। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी विजय मारकण्डेय, विनोद मारकण्डेय सहित उनके परिजनों और अन्य लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला, मारपीट और अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं फरार तीन आरोपी की तलाश में जुटी है।

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

एसीएम रूपी हुई ढेर, बस्तर इलाके में बची थी बड़े कैडर की आखिरी माओवादी

कांकेर, 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. जवानों ने इस मुठभेड़ में बड़े कैडर की एक महिला नक्सली को मार गिराया है. मारी गई महिला माओवादी की पहचान एसीएम रैंक कमांडर रंगाबोइना भाग्या उर्फ रूपी के रूप में हुई है, जो बस्तर इलाके में बड़े कैडर की आखिरी नक्सली मानी जा रही है. रूपी पर 4 लाख रुपए का ईनाम घोषित है. एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है।

जानकारी के मुताबिक, सर्चिंग पर निकलने जवानों पर माचपल्ली के जंगलों में अचानक फायरिंग हुई. जवाबी कार्रवाई में एसीएम रैंक की महिला नक्सली रूपी को ढेर कर दिया गया. रूपी डीकेएसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी की पत्नी थी. विजय रेड्डी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 2025 में हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था. रूपी बस्तर क्षेत्र के माड़ डिवीजन में में सक्रिय अंतिम तेलुगु माओवादी कैडर थी. साल 2004 यानी 24 साल पहले माओवादी संगठन के साथ जुड़ी थी. मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान मृत महिला माओवादी के शव के साथ एक पिस्टल हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद की गई है. इलाके में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग जारी है। कांकेर पुलिस अधीक्षक जिला निखिल राखेचा ने बताया कि जिला कांकेर के छोटेबेठिया-परतापुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में स्थित माचपल्ली-आरामझोरा-हिड्डूर क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की आसूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था. सर्च अभियान के दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच माचपल्ली इलाके में मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ के पश्चात सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा एक महिला माओवादी कैडर का शव बरामद किया गया। बस्तर रेंज आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि माओवादी कैडरों के सामने आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर देते हुए शासन की ओर से लगातार अपील की जाती रही है, जिसके प्रभाव से विगत महीनों में काफी बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों ने पुनर्वास का मार्ग अपनाया है. किंतु रूपी जैसे कुछ कैडरों ने पुनर्वास के मार्ग को छोड़कर हिंसात्मक रास्ता अपनाया, जिसका परिणाम आज उनके अंत के रूप में सामने आया है।

ब्रेकिंग न्यूज

इंडियन रेलवे का यात्रियों को बड़ा तोहफा, अब जनरल टिकट पर भी मिलेगा डिस्काउंट

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारतीय रेलवे ने अपने करोड़ों यात्रियों को एक बड़ा तोहफा दिया है। अब आपको लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं है और साथ ही आपके पैसे भी बचेंगे। रेलवे ने रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर विशेष छूट की घोषणा की है। यह ऑफर 14 जुलाई 2026 तक वैध है। उत्तर रेलवे के अनुसार, डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल शुरू की गई है। यात्री इस तरह बचत कर सकते हैं। रेलवन ऐप से टिकट बुक करने पर किराये में 3 प्रतिशत तक की सीधी छूट मिलेगी। (जैसे 100 रुपये का टिकट अब मात्र 97 रुपये में)। यदि आप ऐप के आर-वॉलेट का उपयोग करके भुगतान करते हैं, तो आपको 3 प्रतिशत अतिरिक्त कैशबैक भी मिलेगा। जाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह एक महीने में बड़ी बचत साबित हो सकती है।

बिरादरी की बातें

चूहा- अमेरिका-ईरान की बातचीत बेनतीजा खत्म हो गया।

चुहिया- हां जी, वो तो होना ही था, वार्ता की जगह ही सही नहीं चुनी गई थी..!

साय कैबिनेट की बैठक 15 अप्रैल को, बेरोजगारों के लिए बड़े फैसले लेने जा रही सरकार

रायपुर, 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में 15 अप्रैल को साय कैबिनेट की अहम बैठक प्रस्तावित है, जिसे राज्य के विकास के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। खासतौर पर बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर सरकार ठोस फैसले ले सकती है। लंबे समय से विकास के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहे इस इलाके के लिए नई योजनाओं और नीतियों पर मंथन किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और अवसरों को बेहतर बनाया जा सके। बैठक के एजेंडे में बस्तर रोडमैप 2.0 भी प्रमुख रूप से शामिल रहने की उम्मीद है। इसके तहत रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, औद्योगिक विकास को गति देने और राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए नई रणनीतियों पर भी चर्चा संभव है। सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर सकती है कि उद्योगों को बेहतर माहौल मिले और स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों।

नोएडा में कर्मचारियों का हिंसक प्रदर्शन: पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी, सड़कों पर पथराव से मचा हड़कंप

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रहा निजी कंपनियों का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। नोएडा के फेज-2 इलाके में सुबह से ही बड़ी संख्या में कर्मचारी सड़कों पर उतर आए जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई। प्रदर्शनकारी कर्मचारी लंबे समय से वेतन बढ़ाने और कामकाजी परिस्थितियों में सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में मौजूदा वेतन में गुजारा करना नामुमकिन हो गया है। सोमवार सुबह जब भीड़ अनियंत्रित होने लगी तो पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया जिससे प्रदर्शनकारी भड़क गए। गुस्साई भीड़ ने सेक्टर-84 और फेज-2 के विभिन्न इलाकों में जमकर उत्पात मचाया।प्रदर्शनकारियों ने कम से कम दो गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ की गई और कई जगहों पर सड़क जाम कर दिया गया। देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों ने डर के मारे शटर गिरा दिए। दिलचस्प बात यह है कि हिंसा भड़कने से एक दिन पहले जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों ने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी।

सीआरपीएफ जवानों ने गरियाबंद जंगल से बरामद किया विस्फोटक सामान

गरियाबंद, 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर स्थित सोनाबेड़ा अभ्यारण्य के देकुनपानी जंगल में सीआरपीएफ जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, मौके से 70 नग जिलेटिन, 3 स्टील कंटेनर और 4 बंडल इलेक्ट्रॉनिक वायर जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई ओडिशा के कोमना पुलिस कैंप की सीआरपीएफ टीम द्वारा की गई है। घटना के बाद ओडिशा पुलिस ने पूरे जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान और तेज कर दिया है, ताकि किसी भी संभावित नक्सली गतिविधि या छिपे हुए नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

मालगाड़ी की अचानक टूटी कपलिंग, 25 डिब्बे हुए अलग

बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन में टला बड़ा हादसा

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन पर रविवार शाम एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन के पास कोयले से लदी एक मालगाड़ी अचानक दो हिस्सों में बंट गई. घटना से रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक, पेंड्रारोड और वेंकटनगर स्टेशन के बीच खैरहीटी बैरियर के पास अनूपपुर की ओर जा रही इस मालगाड़ी की कपलिंग अचानक टूट गई. इसके चलते इंजन से जुड़े लगभग 25 डिब्बे अलग होकर पीछे छूट गए, हालांकि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. गनीमत रही कि लोको पायलट की सूझबूझ के कारण तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए गए, अगर लोको पायलट की नजर समय पर नहीं पड़ती, तो एक बड़े हादसे की संभावना थी। तस्वीरों में साफ देख सकते हैं कि कैसे मालगाड़ी दो भागों में पटरी पर खड़ी है और रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचकर जांच में जुटा है. घटना की सूचना मिलते ही अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची. काफी मशक्कत के बाद डिब्बों को सुरक्षित तरीके से दोबारा जोड़ा गया. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कपलिंग टूटने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

पुल पर सीमेंट मिक्सर से वाहन की टक्कर, ठाणे में नौ की मौत, तीन लोग घायल

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि राज्य के ठाणे जिले में एक पुल पर सीमेंट मिक्सर से एक वाहन टकराने से नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस ने तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस की ओर से दुर्घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। हादसे के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम हो गया था। पुलिस उसे भी खुलवाने की कोशिश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बचाव दल और चिकित्सा टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। घायलों को अस्पताल ले जाने और शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक भयावह सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक वैन और सीमेंट मिक्सर की टक्कर हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे मुरबाड के गोविली गांव में रैंता पुल पर हुआ।

गुजरात: आधी रात को ट्रक ने बहुचराजी माता मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत



गुजरात के सुरेंद्रनगर में बीती रात लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि तीर्थयात्री पैदल चल रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। वे बहुचराजी स्थित एक मंदिर में पूजा करने के लिए पैदल निकले थे, तभी पीछे से पूरी रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक ऊंपर के ड्राइवर की मौत हो गई।

विज्ञान भवन में पीएम मोदी: नारी शक्ति वंदन कानून पर बोले- यह 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन ऐसे समय में किया जा रहा है जब सरकार ने आगामी 16-18 अप्रैल तक तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के गायन के साथ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोलते हुए और महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, देश की विकास यात्रा के अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है। यह फैसला नारी शक्ति को और नारी शक्ति वंदन को समर्पित है। हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। यह इतिहास अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा और

भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। पीएम मोदी ने कहा, यह एक ऐसे समतामूलक भारत के निर्माण का संकल्प है, जहां सामाजिक न्याय सिर्फ नारा नहीं हो। लेकिन हमारी कार्यसंस्कृति, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है।

उन्होंने आगे कहा, 2023 में नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक का आयोजन होने जा रहा है। आज इस कार्यक्रम के जरिए हमें देश की कोटि-कोटि माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है। इस विमर्श को चार दशक यानी चालीस साल बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कई पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब सभी दलों ने एक सुर में इसे पारित कराया था। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान महिलाओं को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में विदेश मंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक के बड़े पदों पर महिलाएं रहीं। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि मोदी सरकार के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे भी काम करने का मौका मिला है। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय निर्माण की नई और प्रेरक गाथा का उत्सव है। यह वह पावन क्षण है, जब संकल्प, समर्पण और सफलता का संगम हमारे सामने साकार हो रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम हमारी मातृशक्ति के वर्षों के संघर्ष और साधना की लोकतांत्रिक सिद्धि का महापर्व है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सम्मेलन के आयोजन का मकसद पंचायतों से लेकर संसद तक, सभी स्तरों पर शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करना है। महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष संसद सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में शिरकत करते हुए महिला आरक्षण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराएंगे।

फेस दिखाओ और पैसा पाओ! पीएम किसान की 23वीं किस्त के लिए नई गाइडलाइन जारी

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए सरकार ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अगर आप 23वीं किस्त का इंतजार कर रहे हैं तो अब केवल आधार लिंक होना काफी नहीं है। सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ई-केवाईसी और डिजिटल किसान आईडी को अनिवार्य कर दिया है। इन नियमों की अनदेखी करने पर आपकी अगली किस्त अटक सकती है।

अब किसानों को ओटीपी या फिंगरप्रिंट के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने पीएम किसान मोबाइल ऐप में फेस ऑथेंटिकेशन फीचर जोड़ दिया है। किसान अपने मोबाइल पर ऐप डाउनलोड कर घर बैठे ही अपना चेहरा स्कैन करके ई-केवाईसी पूरी कर सकते हैं। बुजुर्ग किसानों को अब फिंगरप्रिंट मैच न होने जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आधार कार्ड की तर्ज पर अब हर किसान की अपनी एक यूनिक डिजिटल पहचान होगी। इसमें किसान की जमीन का विवरण, उगाई जाने वाली फसल और बैंक खाते की जानकारी एक जगह दर्ज होगी। इससे बिचौलियों का दखल खत्म होगा और पैसा सीधे सही व्यक्ति तक पहुंचेगा। आप खुद भी ऑनलाइन पोर्टल या राज्य कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर इसे बना सकते हैं। आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी के जरिए लॉग-इन करें। अपनी जमीन और बैंक का ब्यौरा भरें।आप चाहें तो नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर भी यह आईडी बनवा सकते हैं। अक्सर किसानों की किस्त रुकने की सबसे बड़ी वजह लैंड सीडिंग का अधूरा होना होता है।